सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन देहरादून 07 अगस्त, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में लक्सर हरिद्वार निवासी युवा चित्रकार माहिर ने मुलाकात कर उन्हें पेंटिंग भेंट की। इस पेंटिंग में माहिर द्वारा राज्यपाल की थ्रीडी पेंटिंग बनाई है जो आइने के सामने अपना अक्ष बदल देती है। इसमें एक ओर से राज्यपाल और दूसरी ओर से प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर की तस्वीर बनाई है। वहीं उन्होंने राज्यपाल को एक और पेंसिल नक्काशी भेंट की जिसमें पेंसिंल की नोक पर राज्यपाल की फोटो बनाई है। यह बहुत सूक्ष्म कला है जिसे बहुत ही बारीकी से पेंसिल की नोक पर डिज़ाइन किया जाता है।

राज्यपाल ने युवा चित्रकार माहिर द्वारा बनाई गई पेंटिंग और नक्काशी को देखकर सराहना करते हुए कहा कि वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं और उन्होंने बेहद सुंदर चित्रकला का प्रदर्शन किया है। उन्होंने पेंटिंग को निहारते हुए कहा कि जीवन में कला की महत्वपूर्ण भूमिका है। चित्रकला मानव जीवन की महत्वपूर्ण विधा है जो अद्वितीय प्रतिभा से अपनी कल्पनाओं के ब्रश और रंगों से मूर्त रूप देकर ऐसी कला का सृजन करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं में प्रतिभा और कौशल की कोई कमी नहीं हैं उन्हें सही मंच प्रदान किए जाने की जरूरत है। उन्होंने माहिर को पढ़ाई जारी रखने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

............0............